# झारखंड शिक्षा परियोजना साहेबगंज

म0वि0पुलिस लाईन परिसर, साहेबगंज 816109
Email :- jepsahibganj@gmail.com
:- jepsahibganj1@gmail.com

शिक्षा का अधिकार
सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्याललय में चयन हेतु आवश्यक सूचना

1. विभागीय आदेश संख्या GE/08/163/2022-23/2835 राँची, दिनांक 03.11.2022 के आलोक में जिला में संचालित 09 आवासीय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्त्ताधारी महिला अभ्यर्थियों से निम्न अंकित शर्तों के अधीन शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक ...16.01.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, साहेबगंज में आमंत्रित किए जाते है:–

| Sl. No | Name of Post | Vacancy | Roster | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC-I | BC-II | SC | ST | |
| 1 | पूर्ण कालिक शिक्षिका (महिला)–भाषा | 02 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 2 | पूर्ण कालिक शिक्षिका (महिला)–गणित | 04 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 4 |
| 3 | पूर्ण कालिक शिक्षिका (महिला)–विज्ञान | 03 | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 |
| 4 | पूर्ण कालिक शिक्षिका (महिला)–सामाजिक विज्ञान | 02 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 5 | पूर्ण कालिक (महिला)–लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | 02 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| | कुल | 13 | 6 | 0 | 0 | 0 | 7 | 13 |

2. उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र अपने जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पदनाम से आवेदन को विहित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा जिले के जिला कार्यालय, झारखंड शिक्षा परियोजना, साहेबगंज में अनिवार्य रूप से दिनांक 16.01.2024 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे। साधारण डाक से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

3. **चयन हेतु अहर्त्ता एवं निर्धारित परिलब्धि –**

| | पद का नाम | कुल रिक्ति कोटिवार | न्यूनतम अर्हता | मासिक परिलब्धि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भाषा शिक्षिका (हिन्दी / अंग्रेजी) | (GEN-01)<br>(ST-01) | 1. **शैक्षणिक अहर्त्ता :–** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से संबंधित विषय (जिस विषय की पूर्णकालिक शिक्षिका यथा क्रमांक 1, 2 एवं 3 पर अंकित पदों हेतु आवेदन किया जा रहा हो) में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक की अहर्ता अनिवार्य है। अनुसूचित जाति/जनजाति एवं विकलांग कोटि के अभ्यर्थियों को इस नियम में उपरोक्त वर्णित न्यूनतम प्राप्तांक में 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। चयन में उच्चतर शैक्षणिक योग्यता, प्राप्तांक को प्राथमिकता दी जायेगी।<br>2. **प्रशैक्षणिक अहर्ता :–** मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से बी0एड0 अथवा समकक्ष परीक्षा यथा प्रारंभिक शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा में शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा में उत्तीर्णता। शारीरिक शिक्षिका के लिए Bachelor in Physical Education/ Degree in Physical Education अनिवार्य होगा। | 1. शिक्षिकाओं का चयन संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू0 15840/–प्रतिमाह देय होगी। 03 वर्ष की संतोषप्रद सेवा पूर्ण होने पर नियत प्रतिमाह परिलब्धि में 50 प्रतिशत की वृद्धि देय होगी।<br>2. संविदा विस्तार की स्थिति में 250 रू0 की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 2 | गणित शिक्षिका | (ST-04) | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | विज्ञान शिक्षिका | (GEN-02)<br>(ST-01) | 3. **शिक्षक पात्रता परीक्षा** :– राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा निरूपित मार्गदर्शी सिद्वान्तों के अधीन झारखंड सरकार द्वारा कक्षा 6 से कक्षा 8 के लिए आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा (TET) में उत्तीर्ण रहना अनिवार्य होगा। शारीरिक शिक्षिका हेतु TET अनिवार्य नहीं है। | |
| 4 | समाजिक विज्ञान शिक्षिका | (GEN-02) | | |
| 4 | लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर (महिलाओं के लिए) | (GEN-01)<br>(ST-01) | 1. किसी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान/विश्वविद्यालय से बी0 कॉम प्रतिष्ठा में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्णता।<br>2. तकनीकी अहर्ता :– किसी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से एक वर्षीय कम्प्यूटर कोर्स में पी0जी0डी0सी0ए0/डी0सी0ए0/समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्णता।<br>3. कार्य अनुभव :– हिन्दी एवं अंग्रेजी में कम्प्यूटर टाईपिंग के साथ टेली साफ्टवेयर (Tally Software) की जानकारी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए।<br>4. चयन हेतु सिर्फ महिला अभ्यर्थी ही योग्य माने जायेंगे। | 1. संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू0 9900/–प्रतिमाह देय होगी। (वर्त्तमान में मानदेय में 20 प्रतिशत की वृद्धि का प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है। प्रस्ताव के अनुमोदन के स्थिति में यह देय होगा)<br>2. प्रत्येक एक वर्ष के संतोषप्रद कार्य करने की स्थिति में संविदा का विस्तार किया जाएगा।<br>3. तीन वर्ष तक संतोषप्रद कार्य किए जाने के पश्चात नियत मानदेय में एकबारगी 50 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए मानदेय स्वरूप प्रदान किया जाएगा।<br>प्रत्येक वर्ष संविदा विस्तार की स्थिति में 150 रू0 की वार्षि मानदेय वृद्धि देय होगी। |

***चयन संबंधी दिशा–निदेश एवं अनुबंध आधारित अन्य निर्धारित शर्तें निम्नवत हैं :–***

1. चयन हेतु सिर्फ महिला अभ्यर्थी ही योग्य माने जायेंगे। पुरूष अभ्यर्थियों का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. चयनित होने वाले शिक्षिका एवं शिक्षकेत्तर कर्मी की सेवा अनुबंध के आधार पर प्रथमतया एक वर्ष के लिए ली जाएगी तथा कार्य संतोषप्रद होने की स्थिति में एक–एक वर्ष के लिए अवधि विस्तारित किया जा सकेगा।
3. सभी पदों के चयन में जिला स्तरीय आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा।

4. आयु सीमा :–
   **i.** चयन हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 तथा अधिकतम उम्र 35 वर्ष होगी परन्तु उच्चतम उम्र में कार्मिक, प्रशासनिक एवं राजभाषा विभाग के झारखंड सरकार के आलोक में निम्नवत् होगी :–

| Sl. No. | Category | Maximum age limit |
|---|---|---|
| 1 | Female (UR/EWS/BC-I/BC-II) | 38 |
| 2 | SC/ST (Female) | 40 |
| 3 | Person with bench mark disability (PwBD) | A relaxation of 10 years in their respective category. |

ii. अनुभवी महिला Ex-Servicemen को अपनी कोटि में 05 वर्ष तक उपरोक्त अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जायेगी।

iii. उम्र की गणना आवेदन करने के वर्ष 31.12.2022 के आधार पर की जायेगी।

5. **आवेदन :–** सिर्फ विहित प्रपत्र में पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र सभी अनुलग्नकों के साथ निर्धारित अंतिम तिथि 25.01.2023 के संध्या 05:00 बजे तक जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा (SSA) साहेबगंज के कार्यालय में निबंधित डाक के माध्यम से स्वीकार किए जायेंगे। अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्रों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

6. प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्तें, अहर्ता, जिलावार एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश **NIC Sahibganj** के वेबसाईट पर उपलब्ध है। चयन से संबंधित सभी दिशा–निदेश उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर उपलब्ध रहेंगे तथा अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे समय–समय पर जानकारी हेतु वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगे। उपरोक्त जानकारी संबंधित जिलों के NIC के अधिकारिक वेबसाईट पर भी अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगी।

7. **आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अनुलग्नक :–**

   i. 23x10 से0मी0 का स्वःपता लिखा हुआ दो लिफाफा।

   ii. सभी शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा अन्य स्वःअभिप्रमाणित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न की जाए।

   iii. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु जाति प्रमाण पत्र (झारखंड राज्य के सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत) स्वःअभिप्रमाणित छाया प्रति।

8. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एक आवासीय विद्यालय है। अतः चयनित अभ्यर्थी को विद्यालय में रहना अनिवार्य होगा।

9. अभ्यर्थी का चयन संबंधित जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का इस हेतु निर्णय अंतिम माना जाएगा।

10. अपरिहार्य कारणों से चयन प्रक्रिया किसी भी समय स्थगित / रदद करने का अधिकार उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी, झारखंड शिक्षा परियोजना को सुरक्षित रहेगा।

11. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से आवेदन के लिफाफा के उपर लाल रंग से मोटे अक्षर में आवेदित पद का नाम एवं कोटि अंकित करना होगा। अन्यथा आवेदन अस्वीकार करने की स्थिति में वे स्वयं जवाबदेह होंगे।

12. अपूर्ण एवं अहस्ताक्षरित आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

13. आवेदन पत्र भेजने का पता :– ***जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, साहेबगंज म0वि0 पुलिस लाईन परिसर, साहेबगंज, झारखंड, पिन कोड–816109***

14. आवेदन का प्रारूप झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, साहेबगंज के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

[signature] 22/12/23
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखंड शिक्षा परियोजना, साहेबगंज

[signature] 22/12/23
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
झारखंड शिक्षा परियोजना, साहेबगंज

# आवेदन पत्र का प्रारूप

1. आवेदित पद का नाम :–.................................................................
2. आवेदिका का नाम (हिन्दी में) :– .................................................................
(अंग्रेजी में) :–.................................................................
3. पिता/पति का नाम :–.................................................................
4. जन्म तिथि :–.................................................................
5. आयु(31.12.2022 को) :–..................दिन..................माह..................वर्ष
6. लिंग :–.................................................................
7. स्थायी पता :–.................................................................
8. वर्त्तमान पता :–.................................................................
9. दूरभाष संख्या :–.................................................................
10. कोटि :–.................................................................
11. आधार संख्या :–.................................................................
12. शैक्षणिक योग्यता :–.................................................................

| क्र0सं0 | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | वर्ष | पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

13. प्रशैक्षणिक योग्यता :–

| क्र0सं0 | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | वर्ष | पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. समकक्ष कार्य अनुभव (यदि हो तो विवरण दें) –

*मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र मे दिए गए सभी तथ्य मेरी जानकारी में सत्य है। किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दण्डात्मक एवं अनुशासनिक कार्रवाई की भागीदार रहूँगी।*

दिनांक ..................................
स्थान ..................................

आवेदक/आवेदिका का हस्ताक्षर